आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 17.11.2026 समय : 1905

<><><><><><><><>

1. भारत की एक्ट ईस्ट नीति ने भारत–आसियान संबंधों को दी नई गति और मजबूती, प्रधानमंत्री ने मनीला में हिंद–प्रशांत क्षेत्र में अधिक सहयोग पर जोर दिया ।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के शासन अनुभवों और नेतृत्व यात्रा से सीखने की पहल, नीति आयोग ने भारत मंडपम् में पहली राष्ट्रीय कार्यशाला का किया आयोजन।
3. राजधानी श्री विजयपुरम् की हैडो जेट्टी में शुरू हुआ सागरिका एम्पोरिम आउटलेट, उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने किया उद्घाटन।
4. केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने चार पेटेंट तकनीकों की बिक्री एवं व्यावसायिक उपयोग के लिए खोले अवसर।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और आसियान के बीच बढ़ती साझेदारी पर बल दिया और हिंद–प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सहयोग का आह्वान किया। श्री मोदी आज फिलीपींस की राजधानी मनीला में 23वें आसियान–भारत शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत का विकास और आसियान की समृद्धि एक–दूसरे से जुड़े हुए हैं।

इसके बाद, प्रधानमंत्री 21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में शामिल हुए। इसमें आसियान सदस्य देशों और उसके आठ संवाद सहयोगी देशों के नेताओं ने क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मनीला में खालसा दीवान गुरुद्वारे में मत्था टेका। उन्होंने पंज प्यारों की उपस्थिति में गुरुद्वारे के पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास भी किया।

<><><><><><><><>

नीति आयोग ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम् में मिशन के रूप में नेतृत्व विषय पर पहली कार्यशाला का शुभारंभ किया। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन प्रमुख के रूप में 25 वर्ष के अनुभवों से सीख लेने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही पाँच राष्ट्रीय कार्यशालाओं की श्रृंखला की पहली कार्यशाला है। आने वाले दिनों में इस श्रृंखला की चार अन्य कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएंगी। इनके विषय हैं – परिणाम देने वाला सुशासन, समावेशी विकास, सभ्यतागत पहचान और वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका। यह श्रृंखला अगले वर्ष अक्टूबर तक जारी रहेगी। पहली कार्यशाला में आज वर्ष 2001 के भूकंप के बाद कच्छ का पुनर्निर्माण, कोविड महामारी के दौरान भारत की प्रतिक्रिया, लखपति दीदी पहल और अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी भागीदारी के लिए खोलना शामिल है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्रा और नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी उपस्थित थे।

<><><><><><><><>

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह की ओर से 21 नवंबर को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह लोक अदालत राजधानी श्री विजयपुरम् स्थित जिला न्यायालय परिसर, मायाबंदर स्थित उपमंडलीय न्यायालय परिसर तथा डिगलीपुर स्थित सर्किट कोर्ट में आयोजित होगी। इस विशेष लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया जाएगा।

<><><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के उद्योग विभाग द्वारा आज हैडो जेट्टी स्थित यात्री सभागार में ए एन ई–सागरिका आउटलेट का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा, मुख्य अतिथि तथा सांसद विष्णु पद रे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान उद्योग विभाग के आयुक्त–सह–सचिव तथा सचिव द्वारा स्वागत किया गया। इसके पश्चात दोनों गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का

शुभारंभ किया तथा ए एन ई–सागरिका आउटलेट और प्रतिक्रिया केंद्र का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा–

<><><><><><><>

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने किसानों, उद्यमियों, स्टार्टअप, स्वयं सहायता समूहों और उद्योगों को अपनी चार पेटेंट प्राप्त तकनीकों की खरीद एवं व्यावसायिक उपयोग के लिए आमंत्रित किया है। संस्थान द्वारा विकसित इन तकनीकों में निकोबारी आलू छीलने का उपकरण, पांडनस फल का गूदा निकालने का उपकरण, पशुओं में किलनी एवं अन्य बाहरी परजीवियों को नियंत्रित करने का विशेष घोल तथा भूरे समुद्री शैवाल से कैल्शियम एल्जिनेट बनाने की विधि शामिल है। इन तकनीकों का उद्देश्य पारंपरिक खाद्य प्रसंस्करण को आसान बनाना, समय और मेहनत बचाना, पशुओं के स्वास्थ्य की रक्षा करना तथा खेती में पानी का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना है। संस्थान के अनुसार, ये तकनीकें विशेष रूप से द्वीपों में स्थानीय उद्यमिता और रोजगार के नए अवसर पैदा करने में सहायक हो सकती हैं। इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थाएं अधिक जानकारी और खरीद संबंधी प्रक्रिया के लिए ई–मेल director.ciari@icar.org.in पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

संविधान दिवस के अवसर पर अंडमान विधि महाविद्यालय की ओर से कल और 19 नवंबर को अंडमान–निकोबार के कॉलेज विद्यार्थियों के लिए दो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कल कॉलेज सभागार में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता होगी, जिसका विषय मेरा संविधान, मेरा गौरव रखा गया है। वहीं, 19 नवंबर को भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जो दो चरणों में होगी। इसके प्रारंभिक चरण का विषय न्याय और अंतर्राष्ट्रीय शांति में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नवनेथेम पिल्लै का योगदान होगा। दोनों प्रतियोगिताओं के विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। अंडमान–निकोबार के सभी कॉलेजों के विद्यार्थी इसमें भाग ले सकते हैं। इच्छुक विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि पर सुबह 10 बजे तक कॉलेज पहचान पत्र के साथ कॉलेज सभागार पहुँचना होगा।

<><><><><><><>

भारत सेवा श्रम संघ की ओर से कल जंगलीघाट स्थित दुर्गा मंडप में 22वीं श्री श्री जगद्धात्री पूजा एवं मां वैष्णो देवी पूजन का आयोजन किया जाएगा। पूजा सुबह 6 बजे शुरू होगी। सुबह 11 बजे पुष्पांजलि तथा साढ़े ग्यारह बजे दीप प्रज्वलन, श्रीमद् भागवत गीता के 12वें अध्याय का पाठ होगा। दोपहर 12 से 2 बजे तक प्रसाद वितरण किया जाएगा। 19 नवंबर को दोपहर 3 बजे प्रतिमा विसर्जन होगा। संघ के सचिव स्वामी हरिपदानंद ने सभी श्रद्धालुओं से पूजा में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने तथा विश्व शांति और मानव कल्याण की कामना में सहभागी बनने की अपील की है।

<><><><><><><>